# बजाज ऑटो छात्रों को प्रशिक्षण देगा

देहरादून। यूपीईएस के आटोमोबाइल इंजीनियरिंग व डिप्लोमा के छात्रों को बजाज ऑटो आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देगा। इसके लिए यूपीईएस में एक बीईएसटी सेंटर शुरू किया जाएगा। दोनों संस्थानों के बीच एमओयू किया गया है।

इस सेंटर के जरिए दोनों संस्थान विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ शिक्षार्थियों को गहन ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेंगे। इसके तहत एक डिप्लोमा इंजीनियरों के लिए और दूसरा स्नातक इंजीनियरों के लिए विशेष कोर्स संचालित किया जाएगा। इसके तहत मेक्ट्रोनिक्स, मोशन कंट्रोल और सेंसर टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यूपीईएस के वाईस चांसलर डॉ. राम शर्मा ने बताया कि यूपीईएस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। बजाज ऑटो लिमिटेड के सीएसआर के वाईस प्रेजिडेंट सुधाकर गुडीपति ने कहा युवाओं को सशक्त बनाना है।